# PART – I

## (English Language)

**Directions (Q. Nos. E-1 to E-5) :** Read the passage given below and answer the questions that follow.

Be like a flower. One must try to become like a flower : open, frank, equal, generous and kind. So you know what it means ? A flower is open to all that surrounds it : nature, light, the rays of the sun, the wind etc. It exerts a spontaneous influence on all that is around it. It radiates joy and beauty. It is frank. It hides nothing of its beauty lets its fragrance flow frankly out of itself. What is within and what is in its depths, it lets it come out so that everyone can see it. It is equal : it has no preferences. Everyone can enjoy its beauty and its perfume without rivalry. It is equal and the same for everybody. There is no difference or anything whatsoever. Then generous without reserve or restriction, it gives away the mysterious beauty and the very own perfume of nature. It sacrifices itself entirely for our pleasure, even its life sacrifices to express this beauty and the secret of the things gathered within itself. And then, kind : it has such a tenderness, it is so sweet, so close to us, so loving. Its presence fills us with joy. It is always cheerful and happy. Happy is he who can exchange his qualities with real qualities of the flowers.

**E-1.** The author here talks about
- (A) Lily flower
- (B) Rose flower
- (C) Lotus flower
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-2.** The refined qualities of a flower are
- (A) Frankness and honesty
- (B) Fragrance and beauty
- (C) Generosity and kindness
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-3.** A spontaneous influence means
- (A) A quicker influence
- (B) Naturally created influence
- (C) A slow influence
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-4.** A flower is open to all because
- (A) It spreads its beauty to all
- (B) It influences all
- (C) It radiates joy
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-5.** A flower is compared
- (A) With girls
- (B) With all living things
- (C) With human beings
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**Directions (Q. Nos. E-6 and E-7) :** Fill in the blanks with suitable articles like 'a', 'an' and 'the' :

**E-6.** He saw ________ elephant at the Zoo.
- (A) the
- (B) a
- (C) an
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-7.** ________ good education is important.
- (A) The
- (B) A
- (C) An
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**E-8.** If 21 March is Wednesday, what will be 25$^{th}$ March ?
- (A) Sunday
- (B) Thursday
- (C) Friday
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

## (Hindi Language)

**निर्देश (प्रश्न संख्या H-9 से H-18 तक) :** निम्नलिखित अपठित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**गद्यांश – 1**

आदर्श व्यक्ति सद्कर्मों में आस्था रखता है । इसी में वह अपने जीवन की सार्थकता समझता है । उसके जीवन का प्रत्येक क्षण सद्कर्म में ही व्यतीत होता है । विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है । वह शेष समय समाज के उत्थान में लगाता है । उसके जीवन में आलस्य के लिए कोई स्थान नहीं होता । विपत्तियों में भी वह अपने चरित्र का सच्चा परिचय देता है । धैर्यरूपी कुदाल से वह बड़े-बड़े संकटरूपी पर्वतों को निर्मूल कर देता है । उसकी कार्यकुशलता देखकर लोग आश्चर्यविमूढ़ हो जाते हैं । वह परिस्थितियों का दास नहीं होता, परिस्थितियाँ उसकी दासी होती हैं । इस अर्थ में उसका चरित्र प्रशंसनीय होता है कि वह धैर्य से अपने सारे संकट दूर करता है ।

**H-9.** लोग आश्चर्यविमूढ़ क्यों होते हैं ?

(A) आदर्श व्यक्ति की कार्यकुशलता देखकर

(B) आदर्श व्यक्ति का ज्ञान देखकर

(C) आदर्श व्यक्ति का साहस देखकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-10.** किस अर्थ में आदर्श व्यक्ति का चरित्र प्रशंसनीय होता है ?

(A) वह बहादुरी से संकटों का सामना करता है

(B) वह धैर्य से संकट को दूर करता है

(C) वह ज्ञान से संकट को दूर करता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-11.** प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) आदर्श व्यक्ति

(B) कर्मशीलता

(C) सद्कर्म

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-12.** आदर्श व्यक्ति के जीवन में किसके लिए स्थान नहीं होता ?

(A) आलस्य के लिए

(B) विश्राम के लिए

(C) मनोविनोद के लिए

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-13.** आदर्श व्यक्ति किसमें आस्था रखता है ?

(A) प्रेम में

(B) सद्कर्म में

(C) सद्व्यवहार में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## गद्यांश – 2

स्वास्थ्य और चरित्र एक-दूसरे से घनिष्ठता के साथ जुड़े होते हैं । वही व्यक्ति स्वस्थ होता है जिसके चरित्र में आत्मसंयम हो । चारित्रिक दूषण व्यक्ति के पतन का कारण होता है । आत्मसंयम को चरित्र की सीढ़ी कहा गया है । इसी सीढ़ी के माध्यम से कोई व्यक्ति उत्तरोत्तर विकास की यात्रा तय करता है । व्यायाम को स्वास्थ्य का सहोदर कहा गया है । यही किसी व्यक्ति की काया और चित्त को निर्मल और नीरुज (रोगरहित) बनाता है । चरित्र की रक्षा का अर्थ है – काया और चित्त को विभिन्न दूषणों से मुक्त करना ।

**H-14.** स्वास्थ्य का सहोदर है

(A) व्यायाम

(B) पौष्टिक भोजन

(C) औषधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-15.** स्वस्थ व्यक्ति का लक्षण है

(A) अत्यधिक बल

(B) अपार संपदा

(C) आत्मसंयम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-16.** किसी व्यक्ति का विकास किस पर आश्रित है ?

(A) आत्मसंयम

(B) सत्संगति

(C) समुचित अध्ययन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-17.** व्यक्ति के पतन का कारण है

(A) अत्यधिक विभूति

(B) चारित्रिक दोष

(C) अत्यधिक शक्ति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-18.** विभिन्न दूषणों से मुक्त होने का अर्थ है

(A) धन की रक्षा

(B) परिवार की रक्षा

(C) चरित्र की रक्षा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-19.** शुद्ध शब्द है

(A) अनधीकार

(B) अनधिकार

(C) अनाधिकार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-20.** 'अनुराग' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) अन

(B) अनु

(C) अ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-21.** 'शिव' का पर्याय है

(A) कंदर्प

(B) शशिशेखर

(C) निर्जर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-22.** विशेषण है

(A) जीवनी

(B) जीवंतता

(C) जीवंत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-23.** 'सम्मुख' का विपरीतार्थक है

(A) दुर्मुख

(B) सुमुख

(C) विमुख

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-24.** 'अंगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) समय पर धोखा देना

(B) बेइज्जत करना

(C) अन्याय करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-25.** भाववाचक संज्ञा है

(A) बुढ़ापा

(B) यौवन

(C) अरविंद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-26.** शुद्ध वाक्य है

(A) वह किताब लाया ।

(B) ताजा गाय का दूध पीना चाहिए ।

(C) वह ने ही कहा है ।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-27.** 'श्यामसुंदर' में समास है

(A) द्विगु

(B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-28.** 'आवश्यक' में प्रत्यय है

(A) अक

(B) यक

(C) श्यक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-29.** तत्सम शब्द है

(A) प्रकृति

(B) दवा

(C) मुल्क

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-30.** 'अत्यधिक' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(A) व्यंजन संधि

(B) स्वर संधि

(C) विसर्ग संधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## PART – II
## (GENERAL STUDIES)

31. निम्न ऑक्साइडों में कौन–सा जल में घुलनशील है ?

(A) FeO

(B) ZnO

(C) CaO

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. निम्न में कौन–सा कोलायड **नहीं** है ?

(A) सिरका

(B) धुआँ

(C) रक्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. कौन–सी नदी भारत और नेपाल के बीच सीमा बनाती है ?

(A) कोसी

(B) काली

(C) गंडक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. कितने वर्षों में ₹ 7,500, 8% साधारण ब्याज पर दोगुना हो जायेगा ?

(A) 16 वर्ष

(B) 10 वर्ष

(C) 12.5 वर्ष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. निम्नलिखित में से कौन–सा उन चार पायलटों में से **नहीं** है जिन्हें 2024-25 के लिए योजनाबद्ध अंतरिक्ष में इसरो के गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया है ?

(A) विंग कमांडर सुभांशु शुक्ला

(B) ग्रुप कैप्टन पी.बी. नायर

(C) ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. निम्न में कौन–सा गैर ओहमिक प्रतिरोध का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) ताँबा

(B) टार्च बल्ब

(C) नाइक्रोम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?

(A) सर विलियम बेंटिंक

(B) सर जेम्स टॉड

(C) सर विलियम जोन्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. $(0.03125)^{-\frac{2}{5}}$ का मान है

(A) 9

(B) 4

(C) 6

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. झारखंड का घाटशिला किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) अभ्रक

(B) तांबा

(C) बॉक्साइट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अफ्रीकी सम्मेलन किस वर्ष आयोजित किया गया था ?

(A) 1990

(B) 1980

(C) 1960

(D) 1968

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. यदि $\left(\frac{1}{5}\right)^{3x} = 0.008$ हो, तो $(0.25)^x$ का मान है

(A) 4.0

(B) 0.25

(C) 1.0

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने हाल ही में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कारों के एक नए सेट की घोषणा की, जिसे 'राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार' के नाम से जाना जाता है, जिसके लिए सभी श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए पुरस्कार समारोह हर साल आयोजित किया जाएगा

(A) 23 अगस्त – राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के दिन

(B) 28 फरवरी – राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दिन

(C) 11 मई – राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के दिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. कांग्रेस सोशियलिस्ट पार्टी (सीएसपी) का गठन किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1934

(B) 1930

(C) 1932

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. सुब्रमण्यम और नायडू ने राहत कोष में कुछ पैसे दान किए । नायडू द्वारा दी गई राशि सुब्रमण्यम द्वारा दी गई राशि से ₹ 125 अधिक है । यदि उनके द्वारा दान की कुल धनराशि ₹ 975 है, तो सुब्रमण्यम द्वारा दान की गई धनराशि है

(A) ₹ 385

(B) ₹ 575

(C) ₹ 425

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. विश्व का कौन–सा देश अपने संविधान में गर्भपात का अधिकार सुनिश्चित करने वाला पहला देश बना ?

(A) डेनमार्क

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) फ्रांस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. मैंगनीज का उपयोग कहाँ किया जाता है ?

(A) माचिस उद्योग

(B) बैटरी उत्पादन

(C) फोटोग्राफी उद्योग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. निम्न में शरीर का कौन–सा अंग शरीर के संतुलन को नियंत्रित करता है ?

(A) सेरेबेलम

(B) कान

(C) पसली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. सुभाषचंद्र बोस किस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे ?

(A) 1939

(B) 1937

(C) 1938

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) $\frac{31}{36} < \frac{17}{18} < \frac{43}{45} < \frac{59}{60}$

(B) $\frac{17}{18} < \frac{31}{36} < \frac{43}{45} < \frac{59}{60}$

(C) $\frac{31}{36} < \frac{17}{18} < \frac{59}{60} < \frac{43}{45}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. बिहार दिवस ________ मनाया जाता है ।

(A) 22 मार्च को कलकत्ता प्रेसीडेंसी से अलग होने के उपलक्ष्य में

(B) 22 मार्च को मुगल प्रेसीडेंसी से अलग होने की स्मृति में

(C) 22 मार्च को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग होने के उपलक्ष्य में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. सिनेमा में आजीवन योगदान के लिए दादासाहब फाल्के पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया ?

(A) आशा पारेख

(B) वहीदा रहमान

(C) दिलीप कुमार (मरणोपरांत)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. श्वास प्रक्रिया के लिए निम्न में कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) ऊर्जा कभी स्रावित नहीं होती है

(B) ऊर्जा स्रावित होती है तथा ATP के रूप में भण्डारित होती है

(C) ऊर्जा स्रावित होती है तथा ADP के रूप में भण्डारित होती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. साइमन कमीशन के गठन की घोषणा कब की गई थी ?

(A) 8 नवंबर 1929

(B) 8 दिसंबर 1927

(C) 8 नवंबर 1928

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. हमारे शरीर में मलेरिया परजीवी का भण्डारण स्थल है

(A) पेट

(B) यकृत

(C) प्लीहा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. दो संख्याओं का अनुपात 14 : 25 है। यदि उनके बीच का अंतर 264 है, तो दोनों संख्याओं में से छोटी संख्या है

(A) 336

(B) 282

(C) 317

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. भारत में पानी का सर्वाधिक उपयोग किस प्रयोजन के लिए किया जाता है ?

(A) घरेलू

(B) सिंचाई

(C) उद्योग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. जनवरी 2024 में देश के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ पेशावर उच्च न्यायालय के एक फैसले द्वारा इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को बहाल किया गया चुनावी प्रतीक क्या था ?

(A) क्रिकेट 'बॉल'

(B) क्रिकेट 'बैट'

(C) वर्धमान चंद्रमा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. भारत में घड़ियाल प्रजनन केंद्र कहाँ स्थापित किया गया है ?

(A) कॉर्बेट (उत्तराखंड)

(B) मुरैना (म.प्र.)

(C) सुंदरबन (डब्ल्यू.बी.)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. यदि $x^4 + y^4 = 17$ तथा $x + y = 1$ हो, तो $x^2y^2 - 2xy$ का मान है

(A) 12

(B) 4

(C) 8

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. केन्द्रीय विधान सभा में हानिरहित बम किसने फेंके ?

(A) जतिन दास

(B) चन्द्रशेखर आजाद

(C) बटुकेश्वर दत्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. सड़क प्रकाश में उपयोग आने वाले बल्बों को जोड़ा जाता है

(A) दोनों श्रेणी तथा समानान्तर क्रम में

(B) समानान्तर क्रम में

(C) श्रेणी क्रम में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. भारत में ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा उत्पादन के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ कहाँ पाई जाती हैं ?

(A) गंगा नदी

(B) कच्छ की खाड़ी

(C) मन्नार खाड़ी

(D) खंभात खाड़ी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालय ने अपनी यात्रा किसके उद्घाटन के साथ शुरू की ?

(A) मार्च 1838 में कलकत्ता पब्लिक लाइब्रेरी


(B) मार्च 1836 में कलकत्ता पब्लिक लाइब्रेरी

(C) मार्च 1837 में कलकत्ता पब्लिक लाइब्रेरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. एक कमरा 8 मीटर लंबा, 6 मीटर चौड़ा और 10 मीटर ऊंचा है, तो कमरे में रखे जा सकने वाले सबसे लंबे खंभे की लम्बाई है



(A) $12\sqrt{6}$ मीटर

(B) $10\sqrt{2}$ मीटर

(C) 12 मीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिहार विधान परिषद के प्रथम निर्वाचित सभापति कौन थे ?

(A) राय बहादुर सतीश चंद्र

(B) राजेंद्र प्रसाद

(C) राजीव रंजन सिन्हा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2024 कहाँ आयोजित होने वाला है ?

(A) दुबई–यूएई

(B) शर्मेल–शेख–मिस्र

(C) बाकू–अज़रबैजान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** हाल ही में नेपाल सरकार द्वारा किस शहर को देश की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया ?

(A) पोखरा

(B) लुंबिनी

(C) काठमांडू

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** प्रकाश की ओर पौधों के झुकाव का मुख्य कारण है

(A) प्ररोह छोर पर ऑक्सिन की सान्द्रता

(B) प्ररोह के छायादार भाग की ओर ऑक्सिन का विसरण

(C) मूलाग्र पर ऑक्सिन की सान्द्रता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष जल उपलब्धता के आधार पर भारत का विश्व में कौन–सा स्थान है ?

(A) 133 वाँ

(B) 140 वाँ

(C) 100 वाँ

(D) 123 वाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के दौरान अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध, डॉ. सदानंद दाते को मार्च 2024 में निम्नलिखित में से किस बल के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था ?

(A) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)

(B) सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)

(C) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## PART – III
## (HINDI)

71. 'Honorarium' का हिंदी पर्याय है

(A) उपादेय

(B) सम्मानित

(C) मानदेय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. शुद्ध वाक्य है

(A) मैं प्रात: काल के समय घुमने जाता हूँ

(B) तुम सबसे सुंदरतम हो

(C) कल शाम मूसलाधार वर्षा हुई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. तुलसीदास की रचना **नहीं** है

(A) कवितावली

(B) विनयपत्रिका

(C) रामचन्द्रिका

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. वाक्य के उस भाग को जिसमें एक से अधिक पद परस्पर सम्बद्ध होकर अर्थ तो देते है किन्तु पूरा अर्थ–नहीं देते, कहते हैं

(A) वाक्य

(B) उपवाक्य

(C) पदबंध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. "थर्राती है वसुधा सारी, है आसमान तड़तड़ा रहा ।
अरि दल पर कूद पड़ूँ उड़कर है रोम–रोम
फड़फड़ा रहा ।।"

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन–सा रस है ?

(A) वीर रस

(B) विभत्स रस

(C) भयानक रस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. वीभत्स रस का स्थायी भाव है

(A) शोक

(B) क्रोध

(C) जुगुप्सा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. 'घड़ी में तोला घड़ी में माशा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) तीव्र बुद्धिवाला

(B) चंचल मनवाला

(C) स्थिर मनवाला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. 'Bankrupt' का हिंदी पर्याय है

(A) दिवालिया

(B) बैंक प्रतिभूति

(C) बैंक साख

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है ?

(A) शान्त

(B) अद्‌भुत

(C) करूण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. 'गगनचुम्बी' शब्द में कौन-सा समास है ?

(A) तत्पुरुष समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) सात

(B) पाँच

(C) तीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** रामचन्द्र शुक्ल के निबंधों का संकलन है

(A) त्रिशंकु

(B) चिन्तामणि

(C) मेरी असफलताएँ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** मालिनी छंद के प्रत्येक चरण में कितने वर्ण होते हैं ?

(A) 15

(B) 12

(C) 14

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** निम्नलिखित काव्य-रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **काव्य रचना** | **रचनाकार** |
|---|---|
| a. कामायनी | 1. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' |
| b. सरोज-स्मृति | 2. जयशंकर प्रसाद |
| c. वीणा | 3. महादेवी वर्मा |
| d. दीपशिखा | 4. सुमित्रानन्दन पंत |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** Deputation का हिंदी पर्याय है

(A) प्रतिनियुक्ति

(B) प्रस्थान

(C) हस्तानान्तरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' काव्य-संग्रह के रचनाकार हैं

(A) धर्मवीर भारती

(B) मुक्तिबोध

(C) रघुवीर सहाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87.** 'अभ्युदय' का संधि-विच्छेद होगा

(A) अभ्यु + दय

(B) अभि + उदय

(C) अभ्यु + उदय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** सूरदास के गुरु कौन थे ?

(A) विट्ठलनाथ

(B) रामानन्द

(C) वल्लभाचार्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** संक्षेपण का गुण नहीं है

(A) अलंकृत भाषा

(B) पूर्णता

(C) संक्षिप्तता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** घन आनंद किस काल के कवि हैं ?

(A) रीतिकाल

(B) आदिकाल

(C) भक्तिकाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** 'देव + इन्द्र = देवेन्द्र' में कौन-सी संधि है ?

(A) वृद्धि स्वरसंधि

(B) दीर्घ स्वरसंधि

(C) गुण स्वरसंधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. दोहा छंद के प्रथम और तृतीय चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 16

(B) 11

(C) 13

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना **नहीं** है

(A) कुरुक्षेत्र

(B) यशोधरा

(C) तुलसीदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. 'खग जाने खग ही की भाषा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) अपने वर्ग के लोग ही एक दूसरे को समझ सकते हैं

(B) एक पक्षी दूसरे पक्षी की भाषा समझता है

(C) पक्षियों की कोई भाषा नहीं होती

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. किस वाक्य में 'तीन तेरह होना' मुहावरे का उपयुक्त प्रयोग हुआ है ?

(A) रावण ने विभीषण को तीन-तेरह कर दिया

(B) पिता को आते देखकर बेटा तीन-तेरह हो गया

(C) पिता की मृत्यु के बाद पूरा परिवार तीन-तेरह हो गया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. 'भरपेट' शब्द में समास है

(A) तत्पुरुष समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) द्वंद्व समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. 'कितौ मिठास दई दयो इते सलोने रूप ।' –काव्य पंक्ति में अलंकार है

(A) रूपक

(B) विरोधाभास

(C) उपमा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. 'असाध्य वीणा' के रचनाकार हैं

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुमित्रानन्दन पंत

(C) अज्ञेय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. कर्मवाच्य है

(A) आम खाया जाता है

(B) धूप में चला नहीं जाता

(C) लड़का खाता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. 'वाङ्मय' का संधि-विच्छेद होगा

(A) वाक् + मय

(B) वाङ् + मय

(C) वांग + मय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

101. बिहारीलाल किस राजा के दरबार में थे ?

(A) महाराज जयसिंह

(B) महाराज भावसिंह

(C) महाराज जसवन्तसिंह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

102. संयुक्त वाक्य है

(A) बच्चे के रोने से उनकी पढ़ाई में खलल पड़ता है

(B) वह तरह-तरह की मुसीबतों से घिरा था, फिर भी निराश न हुआ

(C) चुपके से भाग जाओ, नहीं तो यहाँ लोग मार डालेंगे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** 'समरथ को नहिं दोष गोसाई' लोकोक्ति से तात्पर्य है

(A) बड़े आदमी पर कौन दोष लगाए

(B) मेहनत से किए काम में सदैव सफलता मिलती है

(C) बड़े आदमी के सब मित्र होते हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** सूरदास की रचना है

(A) कृष्ण गीतावली

(B) साहित्य लहरी

(C) दोहावली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** 'पेट काटना' मुहावरे का अर्थ है

(A) कंजूसी करना

(B) पेट को कष्ट पहुँचाना

(C) भूखा रहना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** 'Enrolment number' का हिंदी पर्याय है

(A) क्रम संख्या

(B) नामांकन संख्या

(C) पंजीकरण संख्या

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** कृष्ण भक्त कवि हैं

(A) सूरदास

(B) मीराबाई

(C) रसखान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** 'चयन' का संधि-विच्छेद होगा

(A) चा + यन

(B) च + अन

(C) चे + अन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए ।

| उपन्यास | लेखक |
|---|---|
| a. कंकाल | 1. यशवाल |
| b. निर्मला | 2. श्रीनिवास दास |
| c. परीक्षा गुरू | 3. जयशंकर प्रसाद |
| d. झूठा-सच | 4. प्रेमचंद |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** मिश्र वाक्य है

(A) जिसने दुख नहीं देखा, उसने दुनिया में कुछ नहीं देखा

(B) वह निराश होकर घर से निकला

(C) डॉक्टर ने पट्टी बाँध दी तथा पचास रुपये माँगे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111.** "मन्द-मन्द मुरली बजावत अधर धरे,
मन्द-मन्द निकस्यो मुकुन्द मधु-बन तें"
उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में काव्य-गुण है

(A) माधुर्य

(B) प्रसाद

(C) ओज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यास **नहीं** है

(A) तितली

(B) सेवासदन

(C) रंगभूमि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** जब एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का आरोप किया जाए, वहाँ कौन–सा अलंकार होता है ?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) रूपक

(C) उपमा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** 'परि + छेद = परिच्छेद' में कौन–सी संधि है ?

(A) विसर्ग संधि

(B) स्वर संधि

(C) व्यंजन संधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** 'फूले कास सकल महि छाई । जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई ।।' – काव्य पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) उपमा

(C) रूपक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** अशुद्ध वाक्य है

(A) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं

(B) बन्दूक एक उपयोगी अस्त्र है

(C) मैं तो अवश्य ही जाऊँगा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके काल के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **रचना** | **काल** |
|---|---|
| a. पृथ्वीराज रासो | 1. आधुनिक काल |
| b. पदमावत | 2. आदिकाल |
| c. बिहारी सतसई | 3. भक्तिकाल |
| d. भारत–भारती | 4. रीतिकाल |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

118. जब वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थ से भी शब्द के अर्थ का बोध न हो, तब उसका बोध कराने वाली शक्ति कहलाती है

(A) लक्षणा

(B) अभिधा

(C) व्यंजना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

119. 'चौराहा' शब्द में समास है

(A) द्वंद्व समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) द्विगु समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

120. दो शब्दों के संयोग को कहते हैं

(A) पदबंध

(B) समास

(C) संधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

121. 'रामचरितमानस' की भाषा है

(A) अवधी

(B) भोजपुरी

(C) बुन्देली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

122. 'चूना लगाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) पान लगाना

(B) बेवकूफ बनाना

(C) सफेद करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. 'कोटि कुलिस सम बचन तुम्हारा ।' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) उपमा

(B) उत्प्रेक्षा

(C) विरोधाभास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. छंद को पढ़ते समय प्रत्येक चरण के अंत में ठहरना पड़ता है, उसे कहते हैं

(A) गण

(B) यति

(C) गति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

125. भाववाच्य है

(A) श्वेता पुस्तक पढ़ती है

(B) उससे बैठा नहीं जाता

(C) पत्र लिखा जाता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 126 से 130 तक) :**
निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

पुस्तकालय वह विशाल ज्ञान-सिंधु है जिसमें विद्या की अक्षय निधियाँ मौजूद हैं जिनके अध्ययन मात्र से हमारा हृदय विशाल और उन्नत बनता है । पुस्तकालय शब्द का निर्माण पुस्तक + आलय दो शब्दों से हुआ है । अर्थात् पुस्तकों के लिए घर/पुस्तकालय में उपयोगी पुस्तकों का संग्रह किया जाता है; जिससे मनुष्य के उच्च चरित्र का निर्माण होता है, और जीवन की उन्नति होती है । इससे मनुष्य में स्वाध्याय की रुचि पैदा होती है और मस्तिष्क का विकास होता है ।

126. मनुष्य के उच्च चरित्र निर्माण में सहायक हैं

(A) यात्राएँ

(B) पुस्तकें

(C) मनुष्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

127. विद्या की अक्षय निधियाँ कहाँ मौजूद होती हैं ?

(A) स्वाध्याय

(B) मस्तिष्क

(C) पुस्तकालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

128. स्वाध्याय में सहायक हैं

(A) जीवन की उन्नति

(B) मस्तिष्क

(C) पुस्तकालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. हमारा हृदय विशाल और उन्नत कैसे बनता है ?

(A) सामाजिक-राजनीतिक विकास से

(B) पुस्तकों के अध्ययन से

(C) विभिन्न रीति-रिवाजों के माध्यम से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. 'ज्ञान सिंधु' का अर्थ है

(A) ज्ञान का सागर

(B) ज्ञान की नदी

(C) ज्ञान की व्यवस्था

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 131 से 135 तक) :**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

औद्योगीकरण के फलस्वरूप नगरों की आबादी तेजी से बढ़ी है । गाँव के लोग रोटी रोजगार के चक्कर में शहरों में आकर गंदी बस्तियों की वृद्धि करते हैं । औद्योगीकरण के कारण कृषि योग्य भूमि में कमी हुई है और वनों के विनाश के कारण ही हरियाली नष्ट हो गई है । औद्योगिक केंद्रों की स्थापना के समय प्रदूषण नियंत्रण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है । आग, धूल, राख और धुआँ की कालिमा का प्रभाव घर, बाग-बगीचे सहित दूर-दूर तक होता है । इससे आँखों में चिपचिपापन, रोहा, दृष्टि कमजोर होना, टी. बी., कैंसर आदि रोग फैलते हैं । औद्योगीकरण के फलस्वरूप तेजाबी वर्षा भी होती है जो फसलों, पेड़-पौधों आदि को विशेष हानि पहुँचाती है । अम्लीय और क्षारीयकरण के कारण भूमि की उत्पादन क्षमता भी घट जाती है ।

131. भूमि की उत्पादन क्षमता क्यों घट जाती है ?

(A) विस्थापन के कारण

(B) कृषि योग्य भूमि में कमी होने के कारण

(C) अम्लीय और क्षारीयकरण के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. कृषि योग्य भूमि में कमी क्यों हुई है ?

(A) तेजाबी वर्षा के कारण

(B) बाग–बगीचों की बहुतायत के कारण

(C) औद्योगीकरण के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

133. औद्योगीकरण के कारण जनसंख्या कहाँ तेजी से बढ़ी है ?

(A) देश

(B) गाँव

(C) शहर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. हरियाली क्यों नष्ट हो गई है ?

(A) वनों के विनाश के कारण

(B) प्रदूषण के कारण

(C) भूमि की उर्वरा क्षमता में कमी के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

135. लोग गाँव से आकर शहरों में क्यों बसते हैं ?

(A) उत्तम सुविधाओं के लिए

(B) रोजगार के लिए

(C) मनोरंजन के लिए

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 136 से 140 तक) :**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

आलस्य को छोड़ने के लिए शारीरिक श्रम करना चाहिए । आलस्य को जीतने का एक यही उपाय है । यदि इससे काम न लिया गया, तो उसकी सजा प्रकृति की ओर से मिले बिना न रहेगी । बीमारियों के या किसी और कष्ट के रूप में वह सजा भोगनी ही पड़ेगी । शरीर श्रम में जो समय लगता है, वह व्यर्थ नहीं जाता । इसका प्रतिफल अवश्य मिलता है । उत्तम आरोग्य प्राप्त होता है । शारीरिक रोग का जैसे मन पर असर होता है, वैसे ही शारीरिक आरोग्य का भी होता है । यह अनुभव सिद्ध है ।

**136.** शरीर श्रम में क्या लगता है ?

(A) समय

(B) अनुभव

(C) शरीर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** आरोग्य से तात्पर्य है

(A) रोगमुक्त होना

(B) रोगी होना

(C) स्वस्थ होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** आलस्य के परिणामस्वरूप सजा किस रूप में मिलती है ?

(A) प्रकृति से दूर होना

(B) मन का दुखी होना

(C) बीमारी एवं कष्ट होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** रोग का प्रभाव किस पर पड़ता है ?

(A) आलस्य

(B) श्रम

(C) मन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** आलस्य को जीतने का क्या उपाय है ?

(A) व्यर्थ काम न करना

(B) शारीरिक श्रम करना

(C) शारीरिक रूप से स्वस्थ होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 141 से 145 तक) :**
निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

स्वावलंबी मनुष्य की यश-कीर्ति पूर्णिमा की चंद्रिका के समान चारों ओर फैलती है । उसका यशगान चारण और भाट शताब्दियों तक गाया करते हैं । कवियों और लेखकों की लेखनी उसकी धवल कृतियों का निरंतर बखान किया करती है । उनका अभिनय रंगशालाओं तथा चित्रपटों पर हुआ करता है । पाठक और श्रोता उससे मनोरंजन के अतिरिक्त नित्य नया पाठ सीखा करते हैं । मनुष्य की कीर्ति उसकी शारीरिक सुंदरता नहीं वरन् उसकी पुण्य कृतियाँ फैलाती हैं ।

141. चंद्रिका का पर्यायवाची है

(A) विभा

(B) प्रकाश

(C) चाँदनी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. मनुष्य की कीर्ति किससे फैलती है ?

(A) पुण्य कृतियों से

(B) कवियों और लेखकों से

(C) शारीरिक सुन्दरता से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

143. पाठक और श्रोता किससे नया पाठ सीखा करते हैं ?

(A) मनुष्य के उज्ज्वल कार्य से

(B) अभिनय से

(C) यशगान से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

144. चारण और भाट किसका यशगान करते हैं ?

(A) पूर्णिमा की चंद्रिका का

(B) स्वावलंबी मनुष्य का

(C) कवियों और लेखकों का

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

145. 'धवल' का अर्थ है

(A) श्याम

(B) स्वच्छ

(C) उजला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 146 से 150 तक) :**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

व्यक्ति की उन्नति से ही देश की उन्नति संभव है । बिना आत्मोन्नति के देश का उन्नयन असंभव है । धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र, राज्य आदि छोटी–छोटी बातों पर लड़ना, द्वेष फैलाता है । देश को पीछे ले जाता है । राष्ट्र की गरिमा घटती है । हमें सभी प्रकार के मतभेदों को भुलाकर आपस में भाईचारे का संबंध रखना चाहिए । देश की शक्ति और व्यवस्था को बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है । राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है ।

**146.** राष्ट्र की गरिमा कैसे घटती है ?

(A) भाषा से

(B) आत्मोन्नति से

(C) आपसी लड़ाई और द्वेष से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** देश की उन्नति किसकी उन्नति से संबंधित है ?

(A) भाषा

(B) धर्म

(C) व्यक्ति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** राष्ट्र की उन्नति कैसे संभव है ?

(A) राज्यों के विकास से

(B) व्यक्ति की स्वतंत्रता से

(C) देश की शक्ति और व्यवस्था को बनाए रखने से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** देश को पीछे क्या ले जाता है ?

(A) धर्म और जाति

(B) छोटी–छोटी बातों पर लड़ना

(C) केवल अपनी उन्नति करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** भाईचारे के संबंध के लिए आवश्यक है

(A) मतभेदों को भुलाना

(B) देश की उन्नति

(C) धर्म में आस्था

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6001081 6001081 6001081 6001081